एन्टासिड गोलियों की खरीद

3043. **श्री अजीत जोगी :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री 31 अगस्त, 1988 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न संख्या 4589 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या एन्टासिड की खरीद में हुए भ्रष्टाचार की जो जांच चल रही थी, वह पूरी हो गई है और यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले ;

(ख) यदि नहीं, तो उसके कब तक पूरा हो जाने की संभावना है ;

(ग) क्या यह सच है कि सी. जी. एच. एस. द्वारा जान-बूझकर, सम्बद्ध घटिया दवाओं के निर्माताओं के साथ सांठ-गांठ करके विशेष मांग करके विशेष ब्रांड नामों से डी. जी. एस. एण्ड डी. के माध्यम से ऐसी दवाईयां खरीदी जा रही हैं, जो कई कम्पनियों द्वारा बनाई जाती हैं और बाजार में आमतौर पर सस्ते मूल्य पर उपलब्ध रहती हैं जिसके परिणामस्वरूप स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों तथा सम्बद्ध कम्पनियों को करोड़ों रुपये का फायदा हो रहा है ; और

(घ) यदि हां, तो बार-बार अनुरोध किये जाने के बावजूद स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा इस चलन को न रोके जाने के क्या कारण हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे): (क), (ख) और (घ) जी, नहीं इस मामले की बारीकी से जांच की जा रही है और इसलिए जांच-पड़ताल में कुछ और अधिक समय लग जाएगा ।

(ग) केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना को औषधों की सप्लाई, सरकार से मंजूरशुदा प्रयोगशालाओं से संतोषजनक परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद ही की जाती है। ब्रांड नामों में औषधों की उपयुक्त सप्लाई, केन्द्रीय सरकार व स्वास्थ्य योजना के लिए निश्चित मांग के अनुसार, जो कि उसकी फार्मुलरी पर आधारित होती है, के लिए आंतरिक वित्त प्रभाग की व्यय मंजूरी लेने के बाद पूर्ति और निपटान महानिदेशालय के माध्यम से की जाती है।

रंगीन पिक्चर ट्यूबों का विनिर्माण

3044. **श्री विश्वास राव रामाराव पाटिल :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या निजी या सरकारी क्षेत्र की किसी कम्पनी एजेन्सी ने रंगीन टेली-विजन सैटों के लिये देश में ही पिक्चर ट्यूबें और उनके किट बनाने के अपने प्रयास में कभी कोई विदेशी सहयोग या सहायता प्राप्त करने का आग्रह किया है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा महासागर विकास परमाणु ऊर्जा इलेक्ट्रानिकी और अन्तरिक्ष विभागों में राज्य मंत्री (श्री के० आर० नारायणन) : (क) और (ख) जी, हां। नीचे दिए गए विवरणों के अनुसार रंगीन पिक्चर ट्यूबों के विनिर्माण के उद्देश्य से विदेशी सहयोग के लिए पिछले पांच

वर्षों के दौरान सात आवेदन-पत्र प्राप्त हुए :—

क्रम सं०	आवेदक का नाम	सहयोगकर्ता का नाम
1.	मैसर्स जे.सी.टी. इलैक्ट्रोनिक्स लि०	मैसर्स हिताची लि० जापान।
2.	मैसर्स अपट्रान कलर पिक्चर ट्यूब्स् लि०	मैसर्स तोशिबा कार्पोरेशन तथा मैसर्स मितसुबिशी कारपोरेशन, जापान।
3.	मैसर्स समटेल कलर लि०	मैसर्स मित्सुबिशी इलैक्ट्रिक कंपनी लि० जापान।
4.	मैसर्स आन्ध्र प्रदेश इलैक्ट्रानिकी विकास निगम लि०	मैसर्स फिलिप्स हालैण्ड।
5.	श्री रघु सूदन	मैसर्स डायबू इलैक्ट्रानिक कम्पनी लि० दक्षिण कोरिया।
6.	मैसर्स जम्मू तथा काश्मीर राज्य औद्योगिक विकास निगम लि०	मैसर्स वाइड कलर एस० ए० फ्रांस
7.	मैसर्स राजस्थान औद्योगिक पूंजीनिवेश निगम लि०	मैसर्स पोलकलर पौलैण्ड

इनमें से क्रम सं० 1, 2 तथा 3 पर उल्लिखित आवेदन-पत्रों को विदेशी सहयोग के लिए अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है तथा इन तीनों ने देश में उत्पादन करना आरम्भ कर दिया है।

Appointment of Hakim Abdur Razak as Director of Council for Research in Unani Medicine

3045. SHRI KAILASH PATI MISUL RA: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) since when Hakim Mohammed Ab-duj-Razak is Director of the Central Council for Research in Unani Medicine, New Delhi;

(b) how many drugs have been proved curative and for which diseases under the Directorship of the Hakim;

(c) the details of tie teaching experience of the Hakim and also of his wife; and

(d) the exact designation at which he bad first joined the Hamdard Dawakhana and the period thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (KUMARI SAROI KHA. PARDE): (a) Hakim Mohammed Abdur Razack was appointed Director of CentraL Council of Research in Unani Medicine with effect from 30-3-1978.

(b) Under the Directorship of Hakim M.A. Razack, 12 drugsjeombination of drugs have proved curative in cases of Leucoderma, S5musitis Leucorrhoea, Eczema, Hepatitis and Rhematoid arthritis.

(c) As per information available, Hakim Razack and his wife have no teaching experience.

(d) As per information available, Hakim M. A. Razzak had first joined as Physician in the Hamdard Dawakhana in 1952 and functioned in that capacity upto 1958: